Title: Need to take strict action against spurious drug business in Delhi and other parts of Delhi.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : माननीय सभापति महोदय, देश की राजधानी दिल्ली और देश के अन्य भागों में कई बार नकली दवाइयों का जखीरा पकड़ा गया। नकली दवाइयों के निर्माण का कारोबार खत्म करने की कोशिश असफल हो रही है। ऐसा करके जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। नकली दवाइयों का जहर लोगों को मौत के घाट उतार रहा है। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि वह नकली दवाइयों के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून बनाए, पुलिस ऐसे माफिया गिरोहों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करे और औाधि नियंत्रण विभाग को सशक्त बनाया जाएं। ऐसी चीजों पर तगड़ी निगरानी रखने के लिए ड्रग्स इन्सपैक्टरों की संख्या बढायी जाए। सभापति महोदय, आपको जान कर आश्चर्य होगा कि दिल्ली में सन् 2000 में नकली दवाइयों के चार केस, 2001 में आठ केस और 2002 में भी आठ केस पकड़े गए। इस बार लोनी में करोड़ों रुपए की मशहूर मल्टी नेशनल ब्रांड की नकली और सब-स्टैंडर्ड दवाइयां पकड़ी गईं। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। अस्पतालों में दवाइयों का असर नहीं हो रहा है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि नकली दवाइयों के कारोबार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। धन्यवाद।